हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार 07 जनवरी 2024
[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]




since 1993

# अब कोटा क्यों जाए

## कोटा अब आपके शहर भिलाई में

कोटा की शिक्षण प्रणाली के साथ

- 30 Years Legacy
- Expert Faculty
- Digital Support
- Small Batch Size
- One To One Mentoring
- Quality Study Material
- Regular Test Series
- Affordable Fees

**25700+** Doctors | **21700+** IITians | **160900+** Engineers
with Trust of More Than **4.50 Lakh** Students..

**ADMISSIONS OPEN** For Session 2024-25

# CAREER POINT
BHILAI CENTRE

**For Details Call:** 90399-57770, 90399-57771 | **Mail:** bhilai@cpuniverse.in

**Add:** 4th floor, Seven Hills Complex, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai-490006

CP Tower, IPIA, Road No.1, Kota I 080-40246443 I www.careerpoint.ac.in

Deepak Advertisers

## खबर संक्षेप



### नव पदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया पदभार ग्रहण

**कोण्डागांव।** कोण्डागांव के नव पदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2017 बैच के अधिकारी कुणाल दुदावत इससे पूर्व बिलासपुर में नगर निगम आयुक्त के पद पर पदस्थ थे। कोण्डागांव जिले के निवर्तमान कलेक्टर दीपक सोनी ने कलेक्टर कुणाल दुदावत को कार्यभार सौंप कर उन्हें नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया सहित सभी विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने किया जिला कार्यालय का औचक निरीक्षण



**कोण्डागांव।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्टर न्यायालय, नाजिर शाखा, सामान्य शाखा, शिकायत शाखा, खाद्य शाखा, जिला कोषालय, अभिलेखागार, जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय, जिला खनिज निधि न्यास, जिला अंत्यावसायी वित्त विकास निगम, जनसंपर्क कार्यालय, आबकारी कार्यालय, खनिज कार्यालय, ई जिला प्रबंधक कार्यालय, रेशम विभाग, आदिवासी विकास विभाग, निर्वाचन विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग द्वारा संचालित कार्यालयों का निरीक्षण किया और विभाग द्वारा संचालित गतिविधियां तथा कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी–कर्मचारियों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने आमजनों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सभी अधिकारी–कर्मचारियों को तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

### 22 को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग

**धमतरी।** 550 वर्ष की प्रतीक्षा के बाद प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि आयोध्या से लेकर देश के हर शहर-हर गांव तक उत्सव की तैयारी तेज गति से चल रही है। इस दिन को दिव्यता व भव्यता प्रदान करने के लिए सर्व गुजरती समाज छत्तीसगढ़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 22 जनवरी को अवकाश घोषित करने की मांग की है। प्रीतेश गांधी प्रदेश अध्यक्ष सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के आगमन को लेकर पूरा देशवासी उत्साहित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को देशवासी अक्षरशः अमल कर रहे हैं। 22 जनवरी को भव्य और दिव्य बनाने एवं हर देशवासी इस स्वर्णिम पल का साक्षी बन सके। इसके लिए 22 जनवरी को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की है। प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा जनभावना से दिव्य और भव्य बनेगी।

### विधायक को बताई कुकरेल क्षेत्र की समस्याएं

धमतरी। सिहावा विधायक अंबिका मरकाम से उनके निवास में मुलाकात कर नीरज साहू व उनके साथियों ने कुकरेल क्षेत्र की बड़ी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक से क्षेत्र में पुल पुलिया, सड़क व कॉलेज की मांग की गई। इस दौरान नरसिंग साहू, बनबगौद सरपंच मिनेश ध्रुव, ईश्वर साहू व खिलेन्द्र विश्वकर्मा मौजूद रहे।

### चयनित अभ्यर्थी 8 तक उपस्थित होंगे

**धमतरी।** नगरी विकासखण्ड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में अस्थायी रूप से मानदेय पर अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिये गत दिनों वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया गया था। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि वॉक इन इंटरव्यू में चयनित अभ्यर्थियों की सूची वेबसाईट पर अपलोड की गई है।

---

शिक्षा में गुणवता विकास के लिए किया जा रहा प्रयास

# नवोदय चयन परीक्षा के लिए मोटिवेशनल का क्लास जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखण्ड दुर्गुकोंदल में संकुल स्तरीय नवोदय चयन परीक्षा के लिए मोटिवेशन कक्षा का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। विकासखण्ड में शिक्षा में गुणवत्ता सुधार, निपुण भारत, एफएलएन के उद्देश्यों से प्रातः 7 से 12 बजे तक मोटिवेशन कक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

विकासखंड के 27 संकुल को 9 जोन में विभाजित किया गया। प्रत्येक जोन में दो, तीन या चार संकुल को सम्मिलित किया जाएगा, जिसमें दुर्गुकोंदल, भण्डारडिगी, आमागढ़, सिहारी, कोदापाखा, मेड़ो, मर्रामपानी, सुरुंगदोह, तरहुल, आमाकडा, इरागांव, दमकसा, कलंगपुरी, तराईघोटिया, कोंडे, चिखलीएकब्व, कोडेकुर्से, ओटेकसा, गोड़पाल, लोहत्तर, जाड़ेकुर्से, हाटकोंदल, पर्रेकोड़ो, झिटकाटोला में प्रातः 7 से 12 बजे तक आकांक्षी विकासखण्ड में शिक्षा में गुणवत्ता सुधार, निपुण भारत, एफएलएन के उद्देश्यों को प्राप्त करना है। भारत सरकार द्वारा देश के हर बच्चे को शिक्षित करने के लिए भारत सरकार द्वारा लगातार कोशिश की जा रही है। इसी तरह देश के छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार द्वारा निपुण भारत मिशन की शुरुआत की गई है। ताकि देश में नई शिक्षा नीति के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा शिक्षा का लाभ मिल सके और साथ ही बच्चे और उनके अभिभावक भी शिक्षा के प्रति जागरूक हो सके। बच्चों में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को बढ़ावा देना है, ताकि आगे चलकर बच्चों का कारगर विकास हो सके। सरकार का प्रयास है कि देश के सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, बुनियादी शिक्षा प्रदान कर बच्चों में शिक्षा का पूर्ण सदुपयोग किया जा सके।प्रत्येक ज़ोन में अभिभावकों, शिक्षको व विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा मनुष्य के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का आधार है। शिक्षित व्यक्ति समाज में विभिन्न सार्थक परिवर्तनों का वाहक होता है। शिक्षा लोकमत जागरण, लोकमत संस्कार, समाज प्रबोधन एवं सामाजिक परिवर्तन का आधारभूत तत्व है। इन सभी लक्ष्यों की प्राप्ति में शिक्षण संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, नवोदय चयन परीक्षा के विशेषज्ञ ईश्वरीय सिन्हा, थानेश्वर चन्द्राकर, संजय वस्त्रकार, लक्ष्मी राठी, मोहन रजक, संकुल समन्वयक एसआर कोड़ोपी, खेमंत सिन्हा एवं ओटेकसा संकुल के नवोदय प्रभारी शिक्षक व छात्राऐ अपने अभिभावको के साथ उपस्थित रहे।

## विज्ञान प्रदर्शिनी और आनंद मेले का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शासकीय स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बागोडार में पालक बालक सम्मेलन, विज्ञान प्रदर्शनी, आनंद मेला आयोजन एवं पुरस्कार वितरण किया गया। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों ने सहभागिता निभाई, जिसमें बच्चों को 4 समूहों में विभाजित कर उन्हें अलग-अलग प्रोजेक्ट दिए गए थे, जिसे बच्चों के बनाकर प्रदर्शित किया।

आयोजित प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा चन्द्रयान 3, गुरूत्वाकर्षण का जादू, स्ट्रीट लाईट, पृथ्वी का आंतरिक कोर, भूकम्प हार्न, होलोग्राफी, जल संरक्षण, धुम्रपान के दुष्प्रभाव एवं कई अन्य माडल बनाए तथा छात्रों के द्वारा अपने-अपने प्रयोग के बारे में अतिथियों को अवगत कराया गया। विद्यालय के आनंद मेला में विद्यार्थियों ने अपने सृजनात्मक गुणों का उपयोग करते हुए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का जायका देने के साथ-साथ मनोरंजन का अवसर भी प्रदान किया। विद्यालय में वर्षभर विविध बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी, जिसका अतिथियों के कर-कमलों से पुरस्कार वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य दीपक कुमार रायस्त की अध्यक्षता एवं ग्राम प्रमुख रोहिदास नेताम, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष पुरूषोत्तम यदु, पालक समिति के अध्यक्ष नरोत्तम पटेल के मुख्य आतिथ्य में किया एवं शिक्षकगण रामशरण साहू, जयप्रकाश नेगी, किरण नेगी, संजय सिन्हा, सुनिता शेण्डे, सविता जैन, भारती कावडे, मंजुलता प्रजापति, नेमी ठाकुर, उर्मिला चुरेन्द्र, गीता पाण्डेय, उर्वशी तारम, नूतन साहू, मोनिका दिवान सहित छात्र-छात्राएं व पालकगण उपस्थित रहे।

## श्रीराम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पर सर्व हिंदू समाज की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सर्व हिंदू समाज की श्री बाबा रामदेव मंदिर में आयोजित बैठक निमित पावन धाम अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व और प्राण प्रतिष्ठा के दिन शहर व आस पास के गांवो में इस आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए योजना तैयार किया गया।

आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 जनवरी को दोपहर 12 बजे भीरावाही से सिंगारभांट तक भव्य बाइक रैली निकाली जाएगी। 22 जनवरी को दोपहर 3 बजे माँ शीतला मंदिर शीतलापारा कांकेर से भव्य शोभा यात्रा एकत्रीकरण स्थान माँ शीतला मंदिर व नगर के प्रत्येक वार्ड में हो रहे धार्मिक आयोजन, भंडारे आदि की जानकारी भी आने वाले समय में दी जाएगी। आयोजित बैठक में दिलीप पटेल, शुभम नाग, महेंद्र क्षत्रिय, राकेश यादव , भुवन सिन्हा, राकेश साहू, प्रवेश चौहान, रमेश कुमार जैन, वीर प्रताप सिंह, सूरज पटेल, दियांशी साहू, कमलेश साहू, मयंक साहू, अभिराज सिंग ठाकुर, भूपेंद्र देवांगन, आदिप शर्मा, नोवेंद्र साहू, विशाल रवानी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## बाबा साहेब सेवा संस्था ने मनायी माता सावित्रीबाई फुले व जयपाल सिंह मुंडा की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मरार पारा कोंडागांव में पटेल माली समाज के चौरसी बरापिकोड़ी प्रांगण में बाबा साहेब सेवा संस्था ने जाकर भारत की प्रथम महिला शिक्षिका समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले व सविधान सभा के सदस्य जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनायी। जिसमें पटेल समाज ने बढ चढकर हिस्सा लिया व समाज के पदाधिकारियों के द्वारा माता सावित्रीबाई फुले व जयपाल सिंह मुंडा की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर उनके नेक कार्य को याद किया। जयपाल सिंह मुंडा व सावित्रीबाई फुले की जयकारा के साथ जन्म जयंती मनायी गयी। इस कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक प्रमोद भारती, पीपी गोंडाने अशोक कुमार कुंजाम ,अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, झिटकु मरकाम मंगउ देवांगन, ओमप्रकाश नाग, देवानंद चौरे, घंन कौशिक, भारत कौशिक, कन्हैया लाल पटेल समाज की पदाधिकारी एवं महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## फीस बढ़ोतरी के विरोध में कुलपति का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बस्तर के कार्यकर्ताओं ने शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय जगदलपुर में छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति एमके वर्मा का फीस बढ़ोतरी के विरोध में पुतला दहन किया। प्रदेश सहमंत्री बस्तर जिला संयोजक शैलेष धुरव ने बताया कि सीएसवीटी विश्वविद्यालय में परीक्षा शुल्क जो 800 रुपए थी, उसमें वृद्धि करते हुए 1376 रुपए किया गया है यह छात्रों के हित में नहीं है। विश्वविद्यालय में 50 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी मध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं। ऐसे में परीक्षा फीस में 500 रुपए की बढ़ोतरी किसी प्रकार से न्याय संगत नहीं है। इसके अलावा छात्रों को परीक्षा शुल्क भरने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षा शुल्क भरने के लिए बहुत ही कम समय सीमा निर्धारित की गई है और इसके बाद लेट फीस के नाम से वसूली अलग से की जाती है। वही बहुत से होनहार विद्यार्थियों के एक ही विषय में शून्य अंक आए है और बाकी सभी विषयों में उन्होंने 90 प्रतिशत तक आए है, ऐसा पहली बार नही है। विवि प्रशासन को जल्द से जल्द इन सभी विषयों पर त्वरित कार्यवाही करना चाहिए एवं परीक्षा शुल्क जो बढ़ाया गया है, उसे कम किया जाना चाहिए। इस दौरान संजय मुखर्जी, ईश्वर, परिवेद, विवेक, अचिंत्य, सौरभ अन्य अभाविप के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## जीत के बाद पहली बार मुलमुला पहुंची लता का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव की विधायक लता उसेंडी का जीत के बाद मुलमुला में पहली बार पहुंचने पर जगह जगह आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। साथ ही बाइक रैली के माध्यम से जुलूस के शक्ल में मुंडा टिकरा प्लाट पारा तक जगह जगह महिलाओं पुरुष, युवाओ ने फूलमाला से स्वागत किया। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से दिपेश अरोरा जितेंद्र सुराना मनीष साहू मायाराम मरकाम, तिलक, तुलजू ,लालचंद ,बुधराम ,संतोष, भोले लालजी जयसीह सोढी धरमू सोढी संपत मरकाम कांतिलाल नंदलाल राठौर मनहर मरकाम लाजमि हलाल कौशिक आनंद, दिनेंद्र पटेल, भुनेश्वर कौशिक, मांगू मंडावी, योगेंद्र, खिरेंद्र कौशिक,जुगधर, कस्तूरी, भाकचंद ,बरातू पटेल, कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## एनएसएस शिविर में पोषण आहार की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



शा उ मा वि शामपुर राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन से हुक्का बेडा पाथरी में संचालित है। शिविर के दूसरे दिन पोषण आहार शिविर आयोजित की गई। जिसमें महिला बाल विकास विभाग माकडी सुपरवाइजर बेला विश्वास द्वारा विभिन्न प्रकार के फल, सब्जी, चना, गुड, तिल, फली, पत्तेदार सब्जियां का प्रदर्शनी लगाकर पोषण आहार के संबंध में बताया गया। हम कुपोषण से बच सकते हैं। शरीर में खून की मात्र बढा सकते हैं और एनिमिक से बच सकते हैं। सभी शिविरार्थी से उनके सवालों के बारे में जान कर निवारण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी सहदेव सिदार के द्वारा उद्बोधन में कहा कि कुपोषण हमारे लिए एक अभिशाप है। इस अभिशाप से मुक्ति पाने के लिए पोषण आहार युक्त भोजन करना चाहिए।

शरीर में खून की मात्र पर्याप्त रूप में बन सके यदि हम शरीर में खून की मात्रा को बढाकर रखेंगे तो बहुत सारे बीमारी से हम बच सकते हैं। खून की मात्रा शरीर में अधिक होने पर कमजोरी नहीं आती है तथा हमारा शरीर हुष्ट पुष्ट बना रहता है। शिविर का लाभ सभी आंगनवाडी कार्यकर्ता, मितानिन एवं समस्त ग्राम वासियों ने लाभ उठाया और अपने परिवार घर में पोषण युक्त भोजन खाने के लिए संकल्प लिया।

## मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 6 जनवरी से किया जाएगा। इसके संबंध में शुक्रवार को जिला कार्यालय के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुद्दावत ने बताया कि शनिवार 6 जनवरी को सभी मतदान केन्द्र, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों में सुबह 10.30 बजे मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, विलोपन करने और संशोधन संबंधी दावा–आपत्तियां 6 जनवरी से 22 जनवरी तक प्राप्त की जाएगी।

## जिले को अग्रणी बनाने के लिए करें कार्य : कलेक्टर कुणाल

**कोण्डागांव।** नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुद्दावत ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने अधिकारियों से जिले में संचालित विकास कार्यों की जानकारी ली और कोंडागांव को अग्रणी जिला बनाने के लिए तन्मयता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्पूर्ण योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने के लिए विभागवार स्टॉल लगाने के निर्देश दिए। नगरीय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन की तैयारी के लिए भी निर्देशित किया। कलेक्टर दुद्दावत ने धान खरीदी और उठाव के संबंध में जानकारी ली और कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

पेज 11 के शेष...

### उपभोक्ता विवाद प्रतितोष...

मालिक ने उपभोक्ता आयोग में प्रकरण लगाया और इस मामले की सुनवाई हुई, जिसमें बीमा कंपनी को दोषी माना गया।

### धान खरीदी केंद्रों...

भी परेशान हो रहे है। जिले में 12 ऐसे धान खरीदी केंद्र है, जहाँ धान के उठाव का प्रतिशत शून्य है। धान खरीदी के साथ साथ उठाव में नियमितता बनी रहने से धान खरीदी केंद्र में एकत्र होने वाले धान से खरीदी केंद्र प्रभारी को राहत मिल जाती है वहीं धान बेचने वाले किसानों को तौल करवाकर धान रखने में सहुलियत होती है वहीं धान के उठाव समय पर नहीं होने से सभी को परेशानी का सामना झेलना पड़ता है।

### पांच लाख की...

में अपराध क्रमांक 225/18 धारा 420 34 भादवि एवं थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 354/23 धारा 420 भादवि का अपराध पूर्व से पंजीबद्ध है। आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### धनेलीकन्हार में...

अपनी बस में नहीं बैठाया और यह घटना घट गई। धनेलीकन्हार में उपस्थित लोगो ने मानवता का परिचय देते हुए संजीवनी 108 को कॉल किया गया, परंतु सकारात्मक जवाब न मिलने की स्थिति में धनेलीकन्हार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारी से मोबाइल से सम्पर्क कर घटना की जानकारी दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ उसका ईलाज जारी है।

### कोमलदेव अस्पताल का...

ने इलाज के लिए भर्ती मरीजों से मिलकर उनका हालचाल भी पूछा। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीबी, नेत्र रोग, दंतरोग, अस्थि रोग, ईएनटी, मेडिसिन विभाग, डायलिसिस यूनिट सहित सोनोग्राफी, एमआरआई, हमर लैब, ओपीडी, आपातकालीन चिकित्सा कक्ष, फिजियोथैरिपी एवं रिहेबिलिटेशन इत्यादि विभाग में जाकर वहां के चिकित्सकों से उनके कार्यों के संबंध में बात की और उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए। उन्होंने जिला चिकित्सालय में स्थिति ब्लड बैंक का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डीन एम.एल. गर्ग, सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे सहित चिकित्सकगण उपस्थित रहे।

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी
मो : 7067576396, 8319272982
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
डॉ. अभिषेक लॉज एम.एस. ऑर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नरेश देवांगन एमबीबीएस, न्यूरो सर्जन (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)
डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. मुरारी वशानी डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
डॉ. यतीन देवांगन प्लास्टिक सर्जन
डॉ. उत्कर्ष नंदा एम.एस.सर्जन (जनरल सर्जन)
डॉ. एस.दास एमबीबीएस, एमडी (मैडीसिन विशेषज्ञ)
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ.आकाश अग्रवाल यूरोलॉजी

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार 7 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री


नवोदय चयन परीक्षा के लिए मोटिवेशनल का क्लास जारी 12


एनएसएस शिविर में पोषण आहार की दी गई जानकारी 12



## खबर संक्षेप

### उपसंचालक ने यूको बैंक एटीएम का किया शुभारंभ



**कांकेर**। यूको बैंक 6 जनवरी को 82 वें स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर राठौर कॉंप्लेक्स में स्थित यूको बैंक की शाखा परिसर के पास नए एटीएम का शुभारंभ कृषि विभाग के उपसंचालक नरेंद्र कुमार नागेश के मुख्य आतिथ्य, डॉ. पीएस मरकाम, अधिष्ठाता कृषि कॉलेज, एसडीओ प्रमोद कुमार सार्वा, सहसंचालक कृषि गीतेश कोमरा, शाखा प्रबंधक जयचंद देवांगन, उप प्रबंधक कृष्ण कुमार के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर यूको बैंक का समस्त स्टाफ एवं समस्त ग्राहक उपस्थित रहे।

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकेर**। पखांजुर थानांतर्गत पखांजुर के निजी अस्पताल में छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के मालदण्ड निवासी 26 वर्षीय प्रमिला मिज पति अजय कुजुर का ईलाज के दौरान 4 जनवरी कि रात 9 बजें मौत हो गया। अस्पताल से थाना में मर्ग डायरी पेश करने पर पखांजुर थाना में शुन्य पर मर्ग कायम किया गया है।

### इमली के पेड़ पर युवक ने लगाई फांसी, मर्ग कायम

**कांकेर**। अंतागढ़ थानांतर्गत आमाबेड़ा टीमनार निवासी 30 वर्षीय भुवनेश्वर कुंजाम पिता स्व. त्रिभुवन ने 5 जनवरी की रात को गांव के ईमली पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। फांसी लगाने के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक ने जहर खाया अस्पताल में हुई मौत

**कांकेर**। चारामा थानांतर्गत बागडोंगरी निवासी 21 वर्षीय राहूल साहू पिता पुरूषोत्तम ने जहर खा लिया था, जिसका ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गया। जिला अस्पताल कांकेर द्वारा अस्पतलाती मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खा लिया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जिसका 3 दिसंबर को शाम 5 बजें मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### कालेज में विकसित भारत संकल्प पर हुई निबंध स्पर्धा



**नरहरपुर**। शासकीय महाविद्यालय सरोना साल्हेभाट में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत अभियान को सार्थक बनाने तथा छात्र-छात्राए अपने भविष्य के भारत से जुड़े विचार को प्रस्तुत करने के लिए निबंध प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक प्राध्यापक भूगोल ललित ठाकुर द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए विकसित भारत संकल्प के उद्देश्यों एवं महत्व की संक्षेप में चर्चा किया। युवाओं को देश के विकास के लिए योगदान देने के लिए शुभकामनाएं देते हुए 2047 में भारत कैसा हो शीर्षक पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का प्रारंभ किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के संजय, मेघराज, शीतल, मयंक, चंद्रिका, प्रतिभा, अनामिका, निकिता, मुस्कान, त्रिलोचना, रागिनी, चंद्रकला, लाची, दुर्गा आदि प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त अध्यापक उपस्थिति रहे।

# उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने बीमा कंपनी को सिखाया सबक, भरना होगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बीमा कंपनी के द्वारा परिवादी को कार दुर्घटना के क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत व्यय की राशि नहीं देने पर परिवादी ने उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग पर परिवाद लगाया। आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य की संयुक्त बेंच ने परिवारी के पक्ष में निर्णय सुनाते हुए बीमा कंपनी को व्यय रकम व अन्य करम देने का आदेश पारित किया।

कांकेर के सिंगारभाट आवासपारा निवासी पंकज मरकाम ने ऑटोमोबाइल्स कंपनी जगदलपुर से कार खरीदा था, जिसका बीमा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी धमतरी से कराया गया था। प्राइवेट कार पैकेज पॉलिसी के तहत 19664 प्रीमियम अदा भी कर दिया था। बीमा अवधि के अंदर ही 1 अप्रैल 2019 को कार जगदलपुर से आते समय आसना के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसकी जानकारी बीमा कंपनी को फोन पर दिया गया था। क्षति आकलन के लिए सर्वेयर को नियुक्त किया गया। कार विक्रेता कंपनी ने सुधार के बहाने एक लंबे अरसे तक कार अपने पास ही रख ली, जिससे उपभोक्ता को नुकसान हुआ। इसके बाद भी क्षतिग्रस्त कार के सुधार के सारे खर्च, लगभग 3 लाख 49 हजार 550 रूपए उपभोक्ता को प्रदान नहीं किए गए। उपभोक्ता ने स्वयं के खर्चे पर 3 लाख 49 हजार 550 रूपए का देना बैंक का डीडी बनाकर कंपनी को दिया और कार ले आया है। बीमा कंपनी ने अभी तक बीमा की राशि नही दिया। कार ⏭शेष पेज 12 पर

## दुर्घटना के बाद जानकारी बीमा कंपनी को फोन पर दिया था




### बीमा कंपनी को भुगतान करना पड़ेगा

उपभोक्ता आयोग की संयुक्त बेंच ने संपूर्ण मामले पर विचार करते हुए इसे सेवा में कमी की कोटि में माना है और व्यय की राशि 3 लाख 49 हजार 550 रूपए और उस पर परिवाद प्रस्तुति तारीख 18 सितबंर 2020 से संपूर्ण रकम भरने तक 7 प्रतिशत ब्याज एक माह के भीतर देने के लिए निर्देशित किया, अन्यथा एक माह के पश्चात ब्याज की राशि नौ प्रतिशत कर दी जाएगी। बीमा कंपनी परिवादी को होने वाली मानसिक आर्थिक पीड़ा परेशानी के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि 20 हजार रूपए आदेश दिनांक से एक माह के अंदर देना होगा और मुकदमे का खर्चा 5 हजार रूपएं बीमा कंपनी को देना होगा।

## समस्या : पांच केंद्रों में खरीदी नहीं हुई, अन्य केंद्रों में निर्धारित लक्ष्य से कम खरीदी

# धान खरीदी केंद्रों में परिवहन का रोना किसानों की परेशान की नहीं है परवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- उठाव की समस्या को लेकर किसान कर रहे है बैठक
- 74 प्रतिशत डीओ और टीओ काटा जा चुका है और उठाव 44 प्रतिशत
- जिले में 12 केंद्रों में धान का उठाव का प्रतिशत शून्य

प्रशासनिक, विभागीय एवं सत्तारूढ़ दल के क्षेत्रीय औहदेदार जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते जिले में एक बार फिर धान खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था पटरी से उतरते दिखाई दे रही है। आलम यह है उठाव के कई केन्द्रों में धान जाम हो गया है और अब खरीदी बंद करने की नौबत आ गई, जिसे लेकर क्षेत्र के किसानो में नाराजगी और असंतोष देखने को मिल रहा है। पाँच जनवरी को पाँच केंद्रो में खरीदी नहीं हुई वहीं कई अन्य केंद्रो में निर्धारित लक्ष्य से कम खरीदी हुई।

जिले में 149 धान खरीदी केंद्र में है और 5 जनवरी तक 3 लाख 14 हजार 583 क्विंटल धान की खरीदी हुई है, जिसमें से 2 लाख 32 हजार 635 क्विंटल धान का डीओ एवं टीओ काटा जा चुका है, इसमें से 1 लाख 38 हजार 648 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है वहीं डीओ एवं टीओ कटने के बाद भी खरीदी केंद्रो में 1 लाख 75 हजार 934 धान उठाव के लिए खरीदी केंद्रो में रखा हुआ है। डीओ और टीओ कटने के बाद भी धान का उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्र प्रभारी परेशान है, इसके साथ ही किसान ⏭शेष पेज 12 पर



### उठाव के लिए राइस मिलरों को निर्देश

जिला विपणन अधिकारी आशुतोष कोसरिया ने बताया कि धान खरीदी का 74 प्रतिशत डीओ और टीओ काटा जा चुका है और उठाव 44 प्रतिशत हुआ है। परिवहन ठेकेदार और राईस मिलर को धान उठाव करने केलिए निर्देशित किया गया है वही 5 जनवरी को जिले के कोरेनार, छोटेबेठिया, संगम, कोदापाखा, ईच्छापुर और दुर्गुकोंदल खरीदी केंद्र में खरीदी नहीं हुई है।



### धान उठाव पर किसानों की बैठक

लैंपस कोयलीबेड़ा के खरीदी केंद्र प्रभारी ने किसानों को वाटसएप मैसेज किया कि धान का उठाव नहीं होने के कारण 4 जनवरी से धान खरीदी बंद हो गया है, जो 8 जनवरी तक बंद रहेगा। कोयलीबेडा लैंपस में धान बेचने के लिए 1300 किसानों ने पंजीयन कराया है और अभी तक 365 किसान ही धान बेच पाएं। धान खरीदी का अंतिम तिथि 31 जनवरी है। किसान लैंपस प्रबंधक की सूचना पर मंडी स्थल में बैठक किया गया, जहां किसानों ने अपनी बात रखी वहीं प्रबंधक ने उच्च अधिकारियों से बातकर परिवहन के लिए तत्काल गाड़ी भेजने की बात कही और प्रबंधक द्वारा 8 जनवरी से धान खरीदी करने की सहमति बनी। किसानों का कहना है कि उच्च अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी उठाव को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे है, जिसके चलते ही इस क्षेत्र के किसान परेशान हो रहे है। आयोजित बैठक में लैंपस के पूर्व अध्यक्ष फूल सिंह उसेंडी, रामजी आंचला, दिनेश आंचला, अलतूराम नाग, राजूराम सलाम, ओम प्रताप उयके, बारशु राम हुपेडी, प्रसन्ना कुमार ठाकुर, लैंप्स प्रबंधक सुबरन नाग सहित क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

# पांच लाख की धोखाधड़ी का आरोपी रायपुर में गिरफ्तार, जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पाँच लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी यशवंत सिन्हा के खिलाफ थाना कांकेर की पुलिस ने 5 जनवरी को धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया और 24 घंटे के अंदर आरोपी को रायपुर से दबोचा और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

मामले का विवरण यह है कि आमापारा निवासी 42 वर्षीय अजय गांधी पिता प्रकाश चंद्र गांधी आरोपी यशवंत सिन्हा प्रोपराइटर एडवांस्ड इंटरनेशनल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी द्वारा प्रार्थी को इंटरनेट के माध्यम से विज्ञापन प्रसारित कर मॉड्यूलर किचन की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर धोखाधड़ी कर 5 लाख ले लिया है। आरोपी द्वारा प्रार्थी से संपर्क कर मॉड्यूलर किचन की फ्रेंचाइजी देने की बात बताया गया था, जिससे कि आवेदक द्वारा आरोपी के खाते में फरवरी 2021 में 5 लाख रूपया जमा कराया गया था। आरोपी प्रार्थी को मॉड्यूलर किचन का कोई भी सामान की सप्लाई नहीं किया तथा प्रार्थी से संपर्क तोड़ लिया। शिकायत मिलने पर कांकेर थाना की पुलिस की जांच पर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों के आधार पर आरोपी यशवंत सिन्हा पिता रामाश्रय प्रसाद सिन्हा उम्र 35 वर्ष निवासी सुभाष चौक बिरगांव रायपुर को धारा 420 भादवी को गिरफ्तार किया गया।

कांकेर थाना प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि आरोपी यशवंत सिन्हा अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, इसके विरुद्ध धोखाधड़ी करने के संबंध में थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव ⏭शेष पेज 12 पर

# धनेलीकन्हार में बस पर चढ़ता सवारी गिरा, पैर की हड्डी टूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



बस स्टैंड धनेलीकन्हार में भानुप्रतापपुर की ओर से आ रही सवारी बस ने 6 जनवरी को एक सवारी को अपने चपेट में ले लिया, जिससे सवारी का पैर टूट गया, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धनेलीकन्हार की एंबुलेंस से ले जाकर भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम कोरेठा निवासी धनीराम जैन बस स्टैड धनेलीकन्हार में कांकेर की तरफ जाने के लिए सवारी बस का इंतजार कर रहा था। सवारी बस 6 जनवरी को दोपहर को 12 बजकर 50 मिनट पर भानुप्रताापपुर की ओर से धनेलीकन्हार पहुँची। सवारी ने सवारी बस को हाथ दिखाकर रोका। बस चालक ने बस की स्पीड कम किया, परंतु सवारी को बस में चढ़ाने के बजाय चालक ने बस की स्पीड को बढ़ा दिया, जिससे सवार अनियंत्रित होकर गिर गया और उसका पैर टूट गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि सवारी धनीराम जैन शराब के नशे में था व उसके मुँह से शराब की गंद रही थी, सम्भवतः नशे में होने के कारण बस चालक ⏭शेष पेज 12 पर

# कोमलदेव अस्पताल का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण, पानी दवा पर दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





कोमल देव शासकीय जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण करने के लिए 6 जनवरी की सुबह कलेक्टर अभिजीत सिंह पहुँचे और वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के उपरांत उपस्थित अमले से कहा कि पानी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल दुरूस्त करें और जरूरी दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें।

मेडिकल कॉलेज के चिकित्सालय में पहुँचे कलेक्टर को दवाईयों की कमी एवं पानी की समस्या की जानकारी मिली। उन्होंने जरूरी दवाओं के स्टाक की उपलब्धता सुनिश्चित करने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया और कहा कि दवाईयों की कमी के कारण इलाज बाधित नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही हमर लैब में मेडिकल किट या दवाई की कमी के कारण स्वास्थ्य परीक्षण प्रभावित नहीं होने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने दवाईयों की खपत के अनुसार इंडेंट समय पर करने को कहा। उन्होंने अस्पताल में पानी की समस्या पर कहा कि वहां स्थित आरओ प्लांट के वेस्ट पानी का उपयोग अस्पताल की साफ-सफाई में करें, जिससे पानी की कमी की थोड़ी समस्या दूर हो सकती है। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय से सभी विभागों में जाकर मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, मेडिकल उपकरणों एवं वहां कार्यरत स्टाफ की जानकारी ली और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों में, विशेषकर ओपीडी में चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें, जिससे मरीजों का फौरन इलाज मिल सके। कलेक्टर ⏭शेष पेज 12 पर

## आंगा देवता का राजमहल में पूजा के बाद , राजपरिवार मेलाभाटा में करेगा पूजा

# कांकेर का ऐतिहासिक मेला आज से, आकर्षक झूले लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- न्यू डिजनी लैंड, मीना बाजार मिनी स्टेडियम में तरह-तरह की दुकानें सजीं

रियासतकाल से चला आ रहा कांकेर का ऐतिहासिक मेला आज 7 जनवरी रविवार को शुरू हो जाएगा। चार दिनों तक चलने वाले इस मेले में दूर-दूर से दुकानदार पहुंचे हैं। यहां बच्चों के मनोरंजन के लिए कई प्रकार के झूले भी लगाए गए हैं। खाने-पीने के लिए कई होटल भी खुल गए हैं। मेला में दुकानें पूरी तरह से सज चुकी है। राजमहल में आंगा देवता की पूजा के बाद राजपरिवार के साथ मेला भाटा पहुँचेंगे। मेलाभाटा में पूजा करने के उपरांत मेला प्रारंभ करने की अनुमति दी जाएगी।

रियासतकाल से चला आ रहा कांकेर का ऐतिहासिक मेला में होने वाली भीड़ के मद्देनजर प्रशासन ने भी पूरी तैयारी कर लिया है। मेला को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। दुकानदारों, होटल संचालकों द्वारा दुकानें सजा दी गई हैं। मेले में लगे झूले भी लोगों का इंतजार कर रहे हैं। मीना बाजार के संचालक राहुल सिन्हा बताया कि न्यू डिजनी लैंड, मीना बाजार मिनी स्टेडियम में लगाया गया है। इसका सबसे बड़ा आकाश झूला है। बच्चों के लिए ब्रेकडांस, ड्रेगन व अन्य प्रकार के झूले लगाए हैं।

उन्होंने बताया कि कांकेर मेला समाप्त होने के बाद भी एक से दो दिनों तक मीना बाजार लगा रहेगा। मेले में खाद्य पदार्थो के निर्माण पर किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं लगाया गया है, लेकिन हॉटल संचालकों को मिठाइयां व अन्य खाद्य पदार्थों के निर्माण में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य पदार्थों की जांच के लिए टीम भी पहुँच सकती है। शहर के अंदर की सड़क का निर्माण हो रहा है, इसके चलते मेला में शामिल होने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। निर्माणाधीन सड़क पूरी तरह से नहीं बन पाने के कारण बाहर से आने वाले व्यापारियों व गांव से आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

### पॉलीथिन पर प्रतिबंध से अनजान

मेले में होटल लगाने वालों ने बताया कि वे मेले में कई वर्षो से हॉटल संचालित करते आ रहे हैं। मेले में विभिन्न प्रकार की मिठाइयां व नाश्ता बनाते हैं। उन्होंने बताया कि मेले में पॉलीथिन पर लगाए गए प्रतिबंध के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि यहां आने के बाद पता चला कि मेले में पॉलीथीन के प्रयोग को प्रतिबंधित कर दिया गया है। इससे सभी दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



### आंबा पालचूर के छात्र-छात्राओं को कराया भ्रमण



**दुर्गुकोंदल**। विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल के आश्रित ग्राम पलाचूर में आंगनबाड़ी के छात्र-छात्राएं एवं कार्यकर्ता रीता वस्त्रकर, वार्ड पंच अशोन तोपां के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण के तहत रेलवे स्टेशन केवटी से 14 छात्र छात्रा को अंतागढ़, ताडोकी रेलवे स्टेशन का भ्रमण कराया गया एवं रेलवे के संबंध में जानकारी दी गई। बच्चे काफी उत्साह से रेलगाड़ी का सफर किया और रेल देखने से एक नई जानकारी बच्चों को मिला, जिससे काफी प्रभावित हुए और आनंद उठाया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संगीता तोपां, महांतिन नरेटी उपस्थित रहे।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### कावेरी फरसगांव व अनिकेत केशकल के होंगे एसडीएम



**फरसगगाँव।** छत्तीसगढ़ शासन के आदेश द्वारा केशकाल अनुविभागीय दंडाधिकारी के प्रभार पर रहे डिप्टी कलेक्टर श्री शंकर लाल सिन्हा के स्थानांतरण उपरांत कलेक्टर कुणाल दुदावत ने उन्हें भारमुक्त करते हुए फरसगांव अनुविभागीय दंडाधिकारी के प्रभार पर रहे डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू को केशकाल अनुविभागीय दंडाधिकारी का प्रभार सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने भू अभिलेख शाखा के प्रभार पर रही डिप्टी कलेक्टर सुश्री कावेरी मरकाम को फरसगांव अनुविभागीय दंडाधिकारी का प्रभार सौंपा गया।

### सड़क हादसे की रिपोर्ट विलंब से की गई दर्ज

**कांकेर/भानुप्रतापपुर।** प्रार्थिया डाली यादव पिता जीत कुमार यादव उम्र 25 वर्ष ग्राम बसंतनगर नारायणपुर ने भानुप्रतापपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मेरे पिता जीत कुमार यादव जो कि जिला सहकारी बैंक भानु/पुर के सामने टेलरींग की दुकान चलाते है, जो कि 30/11/23 को शाम लगभग 7.00 बजे जिला सहकारी बैंक कांकेर रोड पार करते समय मोटर सायकल चालक व्दारिका साहू पिता गणेश राम साहू निवासी बसंतनगर भानु./पुर के व्दारा अपनी मोटर सायकल को तेज गति व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये मेरे पिता जी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मेरे पिता जी को काफी गंभीर चोट लगा। जो मौके मे उपस्थित सूरज ठाकुर और कृष्णा पटेल के व्दारा अपने मोटर सायकल से सीएचसी भानु./पुर ईलाज कराने ले गये जहां पर डाक्टर साहब व्दारा हायर सेन्टर रिफर करने पर मेरे पिता जी को दिसंबर 23 तक बठेना धमतरी में भर्ती कर ईलाज कराया है। वर्तमान मे मेरे पिता जी घर पर है जिनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### 18 स्काउट गाइड ट्रैकिंग के लिए मध्यप्रदेश रवाना



**कांकेर।** राष्ट्रीय साहसिक संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी मध्य प्रदेश में छत्तीसगढ़ के स्काउट्स गाइड्स के विद्यार्थियों को पर्वतारोहण ट्रैकिंग एवं अन्य गतिविधियों का विशेष शिविर 5 से 10 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में रोप वॉकिंग, ट्रैकिंग, पर्वतारोहण, रोप क्लाइंबिंग, स्काई साइकलिंग, घुड़सवारी, तीरंदाजी, राइफल शूटिंग, पैरास्काइंग, नवकायन साथ ही पचमढ़ी के विहंगम दृश्य पांडवगुफा, बॉयसन म्यूजियम, चंपक झील, गुप्तेश्वर महादेव, बड़ा महादेव मंदिर, ईको पॉइंट, हांडी खोल, विविध पुरातात्विक पौराणिक महत्व के स्थान का भ्रमण की गतिविधियां भी शामिल होगी।

### रासेयो ने विविध गतिविधियों से ग्रामीणों को किया जागरूक

**बस्तर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्व विद्यालय अंतर्गत विश्व विद्यालय संयोजक डीएल पटेल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरी के द्वारा ग्राम पंचायत फापनी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का आज समापन हुआ।

# परीक्षा शुल्क में वृद्धि का विरोध, अभाविप ने सीएसवीटी विवि के कुलपति का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अभाविप सीएसवीटी विश्वविद्यालय के द्वारा परीक्षा शुल्क बढ़ाए जाने को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कुलपति एमके वर्मा का पुतला दहन करते हुए विरोध जताया।

अभाविप के पदाधिकारी एवं सदस्य घड़ी चौक पर 6 जनवरी को सुबह 10 बजे एकत्र हुए और सीएसवीटी विश्वविद्यालय के कुलपति का पुतला दहन करते हुए कहा कि सीएसवीटी विश्वविद्यालय के द्वारा परीक्षा शुल्क जो 800 रुपए था, उसमें वृद्धि करते हुए परीक्षा शुल्क को 1376 रुपएं किया गया है। यह बिल्कुल छात्रों के हित में नहीं है। विश्वविद्यालय में 50 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी मध्यम वर्गीय परिवार से आते है, ऐसे में परीक्षा फीस में 500 रुपए की बढ़ोतरी किसी प्रकार से न्याय संगत नहीं है। इसके अलावा छात्रों को परीक्षा शुल्क भरने में भी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षा शुल्क भरने के लिए बहुत ही कम समय सीमा निर्धारित की गई है और इसके बाद विलंब फीस के नाम से वसूली अलग की जाती है।

होनहार विद्यार्थियों के एक ही विषय में 0 अंक आए है और बाकी सभी विषयों में उन्होंने 90% तक आए है। ऐसा पहली बार नही है, इसके तहत विवि प्रशासन को जल्द से जल्द इन सभी विषयों में त्वरित निराकरण करते हुए सभी मांगों को पूर्ण किया जाना चाहिए एवं परीक्षा शुल्क जो बढ़ाया गया है उसे कम किया जाना चाहिए।

## 800 को बढ़ाकर 1376 रुपए किया गया

### शिक्षा का व्यापार

अभाविप के जिला संयोजक आदित्य मिश्रा ने कहा कि शिक्षा का व्यापारीकरण नही होना चाहिए, सभी विद्यार्थियों को सस्ती, सुलभ तथा अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए, यह विद्यार्थियों का अधिकार है।



### शामिल रहे

पुतला दहन में ओमकृष्ण जैन, भूमि नागवंशी, चिराग सिन्हा, संदीप साहू, आदित्य झा,अतुल साहू, साथी बोस, जीविका मंडावी, आरती, प्रियांशु, खोमेंद्र, युवराज, प्रांजल, टाकेश, खुलेश्वर, पोषण, हितेश, हर्ष,चन्द्रशेखर, चेतन, योगेंद्र, गुप्तेश, यशस्वी, कमलेश,भव्य तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अभियान : लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना अनुभव किया साझा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में पात्र हितग्राही योजनाओं से लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर।

■ प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लोगों ने पंजीयन कराया

केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई है। योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को भानुप्रतापपुर के रेस्ट हाउस के सामने में नगर पंचायत की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। विभिन्न योजनाओं के तहत लोगों ने शिविर का फायदा लिया। इस शिविर में पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से पार्षद कमलेश गावड़े, चंद्रकुमार कटझरे,रजिंदर रंधावा,मनीष साहू,सन्ध्या साहू,नरोत्तम सिंह चौहान,हेम प्रकाश शिवहरे, अरविंद जैन,जगन्नाथ साहू,रत्नेश सिंह, तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा, सीएमओ हेमंत नेताम,सब इंजीनियर राकेश सिरदार, राजकुमार पारकर,रोहित कश्यप, सोनू मालेकर एवं नगर पंचायत के स्टाप मौजूद रहे। शिविर में विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान भारत, नल-जल मिशन, पीएम आवास योजना, स्टार्टअप योजना, मुद्रा लोन योजना, पीएम स्वनिधि योजना जैसी केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी दी गई व लाभ लेने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराई गई। शिविर में आए हितग्राहियों ने बताया कि यहां आने से उन्हें शासन की बहुत सी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी मिली है, जिसका लाभ अब उन्हें मिलेगा।





### सेलेगांव में योजनाओं की जानकारी दी

जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत सेलेगांव में भी यह कार्यक्रम आयोजित हुई जिसमे प्राकृतिक खेती, एवं उन्नत तकनीक आयुष्मान भारत, स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में सिकल सेल तथा टीबी परीक्षण, पेंशन ,पीएम आवास योजना-ग्रामीण, पीएम उज्जवला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल, स्वामित्व योजना, जनधन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नेनो उर्वरक का उपयोग, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आदि योजनाओं के संबंध में जानकारियां दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि सतीश लाटिया जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कांकेर , अनूप सिंह राठौड़ जिला मंत्री भाजपा कांकेर ,कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप कुमार शोरी सरपंच ग्राम पंचायत सेलेगांव विशिष्ट अतिथि कुमीन बाई टेमुना जनपद सदस्य, जय शिवना महामंत्री भाजपा, संजय तिवारी ग्राम पटेल ,वरिष्ठ नागरिक जवाहर जैन, बंसीलाल साहू , रामा साहू, फागूराम साहू द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना के पश्चात भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रदीप कुमार शोरी सरपंच, बोधन राम साहू , फागूराम साहू, जवाहर जैन, भगवत दास मानिकपुरी , उदय जैन, सभी वार्ड पंचगण व स्व सहायता महिलाएं मौजूद रहे।उक्त कार्यक्रम में विकास विस्तार अधिकारी शत्रुघन कुंजाम, सुनीता कोर्राम नोडल अधिकारी, रामप्रसाद नंदेश्वर , सुरेंद्र बघेल सहायक लेखा परीक्षण करारोपण अधिकारी , रामकरण सिन्हा सचिव ग्राम पंचायत सेलेगांव, तुलाराम ठाकुर तकनीकी सहायक वेन प्रभारी,कार्यक्रम में सभी विभाग अधिकारी, कर्मचारी,जनप्रतिनिधीगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।



### स्टॉल लगाए गए और स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया

स्वास्थ्य विभाग के टीम डॉक्टर नवीन पांडे,देव कुमार सास्वत, अंकिता राणा,बृजेश ऊके, केबी दास द्वारा विभिन्न बीमारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना अनुभव साझा किया।शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत आयुष्मान कार्ड के लिए आधार कार्ड के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लोगों ने पंजीयन कराया। उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन भी वितरित किया गया। महिला हितग्राहियों ने बताया कि पहले वे चूल्हे में खाना बनाती थी, जिससे निकलने वाले धुएं से उन्हे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ता था। शिविर में आकर समस्त दस्तावेज जमा करने पर उन्हें तुरन्त उज्जवला गैस का कनेक्शन मिल गया। अब उन्हे खाना बनाने में आसानी होगी। अन्य महिलाओं ने बताया की शिविर में आकर उन्हें उन योजनाओं के बारे में पता चला जिसका लाभ वे जरूर लेंगें।

# लकड़बग्घे के हमले से घायल अधेड़ की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोण्डागांव जिले के बहीगांव बाजार से घर जा रहे अधेड़ पर एक लकड़बग्घे ने हमला कर घायल कर दिया। किसी तरह अधेड़ ने अपनी जान बचाई। घायल को उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल में भर्ती किया गया है ।

जानकारी अनुसार केशकाल ब्लॉक अंतर्गत ग्राम गुडरीपारा निवासी फगनू राम वट्टी पिता चमराराम वट्टी उम्र 52 वर्षीय बहीगाँव के साप्ताहिक बाजार गया हुआ था, शाम को बाजार से घर जाने के दौरान रास्ते में जंगल के पास लकड़बग्घा ने उस पर हमला कर दिया । किसी तरह उसने लकड़बग्घा से लड़ाई कर अपनी जान बचाई और घर पहुचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी । जिसके बाद परिजनों ने उसे उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल में लाकर भर्ती करवाया है। लकड़बग्घे के हमले से अधेड़ के सर और हाथ मे गंभीर चोट आई है फिलहाल घायल का अस्पताल में उपचार जारी है । आपको बता दे ठीक एक महीने पूर्व भी विगत 3 दिसम्बर की रात ग्राम बेडमा के साप्ताहिक बाजार गए एक व्यक्ति पर कुछ लकड़बग्घो ने हमलाकर घायल कर दिया जिसे उपचार के लिए केशकाल अस्पताल में लाया गया था लेकिन उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई ।

# जेवरात समेत दो लाख नकदी की चोर तीर्थाटन से लौटने पर मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ अन्नपूर्णापारा निवासी जोशी परिवार को 15 दिन बाद मिली जानकारी

कांकेर थानांतर्गत अन्नपूर्णापारा में सूने मकान से दो लाख की चोरी हो गई। घर मालिक पूरे परिवार के साथ तीर्थ यात्रा पर 23 दिसंबर से 3 जनवरी के बीच गए थे, तभी अज्ञात चोरो ने घटना को अंजाम दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया।

थाना में चोरी की शिकायत करने पहुंचे अन्नपूर्णापारा हाउंसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी 52 वर्षीय शिव कुमार जोशी पिता स्व. आरसी जोशी ने पुलिस को बताया कि मेरे पिता के अस्थि विसर्जन एवं पिंड दान करने के लिए सपरिवार तीर्थ यात्रा पर 23 दिसंबर से लगभग 15 दिवस के लिए बाहर गए हुए थे और 4 जनवरी को हम लोग तीर्थ स्थान से अपने गृह नगर जगदलपुर स्थित घर पर पहुंचे। मेरा साला जो कि जगदलपुर से कांकेर आया तथा घर पहुंचा तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है, तब वह तत्काल मुझे जानकारी दिया। जानकारी मिलते ही रात करीबन साढ़े 9 बजें कांकेर पहुंचा। घर का निरीक्षण किया तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। बारिकी से देखने पर पता चला कि घर के आलमारी के लॉकर, गुल्लक, पूजा रूम से लगभग एक लाख दो हजार रूपएं एवं सोने का चैन 4 नग, मंगलसूत्र एक नग, नेकलेश एक नग, कान का झुमका 0 सेट, सोने का सिक्का दो नग, चांदी का सिक्का 8 नग, सोने का कंगन 4 नग, कान का सेट 1 नग, चांदी की मूर्ति एक नग व अन्य सामान कीमती लगभग 2 लाख रूपएं को 23 दिसंबर से 3 जनवरी के बीच कोई अज्ञात व्यकित चोरी कर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत चोरिया एवं सरोना में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में लोगो को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को बताया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चो के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शासन की योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। कार्यक्रम के माध्यम से एक स्थान पर सरकार की मंशा के अनुरूप शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और छूटे हुए हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। जनपद सदस्य किशोर भास्कर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हमारे गांव ग्राम पंचायत चोरीया और सरोना में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना जैसे विभिन्न योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। भारत को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प भी दिलाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया ने कहा कि विकसित भारत यात्रा के तहत गांव-गांव में प्राकृतिक खेती के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। खेतों में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग बहुत ही खतरनाक है। यह हमारी फसलों को जहर बनाता है और इससे कई तरह की बीमारियां होती हैं। किसानों से अधिक से अधिक जैविक खाद का उपयोग कर प्राकृतिक खेती को अपनाने को कहा। कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रशस्ति प्रमाण पत्र, सुपोषण किट से लाभान्वित हितग्राहियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर भारत निषाद, ग्राम पटेल मोहन नेताम, तूका नेताम, सुखचंद शोरी, अशोक निषाद, अशोक मरकाम चिंतामणि, सरपंच अन्नपूर्णा ठाकुर, सियाराम शोरी, कमलेश पटेल, रंजीत शोरी, संतोष लोन्हारे, यशवंत जैन, मनीराम व ग्रामीण उपस्थित रहें।

# सीओबी ने स्कूली बच्चों व ग्रामीणों को बांटी सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

राकेश सिन्हा, कमांडेंट 81वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल की अगुवाई में सी. ओ. बी. टिमरूपानी द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत भैंसासुर, उप स्वास्थ्य केंद्र मैदान में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को बांटे जरूरत के सामान व साथ में लगाया चिकित्सा जांच शिविर। इस कार्यक्रम में सी. ओ. बी. टिमरूपानी के अंतर्गत आने वाले ग्राम- जुलुमपारा, घूमर, मटियाखार, कोयापारा, नवागढ़, डुमरकोट, भैंसासुर के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उन्हें उपयोगी सामग्री साड़ी, कम्बल, फावड़ा, कुल्हाड़ी, स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट बैट व बॉल, स्टेशनरी सामग्री आदि का वितरण किया। साथ में ग्रामीणों की चिकित्सक जांच कर उनको दवाईयां दी। इस प्रोग्राम में सी. ओ. बी. टिमरूपानी के क्षेत्र में डॉक्टर फैज़ अहमद खान एस एम ओ सोमिल वोहरा, सहायक कमांडेंट कंपनी कमांडर सी. ओ. बी. टिमरूपानी, छेनू राम सरपंच भैंसासुर, पंचायत भैंसासुर भगवती सरपंच ग्राम-घुमर, रमेश मंडावी प्रधानाचार्य शासकीय हाई स्कूल भैंसासुर. वैभव तिवारी प्रधानाध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय भैंसासुर साथ में स्कूल के बच्चे भी उपस्थित रहे।

## 16 बालिका, 11 बालक और 10 स्टाफ शिविर में शामिल

# राउरवाही 7 दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



शा. उ. मा. वि. आमाकड़ा का सात दिवसीय विशेष शिविर गोद ग्राम महेंद्रपुर ग्राम पंचायत राउरवाही में लगाया गया है शिविर उद्घाटन के मुख्य अतिथि सरपंच राधिका नुरेटी, तथा अध्यक्षता ग्राम गायता दया राम नुरेटी के उपस्थिती में शुभारम्भ किया गया। मौके पर पिलम नरेटी पूर्व जनपद सदस्य, डी. एल. पांडे प्राचार्य एवं संरक्षक,शिवलाल नरेटी,नरसिंह नरेटी, पंचम उइके,रघुवीर जैन,रति जैन,रामसिंह सलाम,मंशा राम उइके,विष्णु जैन,नाथू राम नरेटी,हिरेसिंह नरेटी,भारती जैन आदि की उपस्थिती में कार्यक्रम संचालित किया गया। तृतीय दिवस संध्या 5:00 बजे निरिक्षण दल एवं कार्यक्रम अधिकारी साल्हे सहदेव साहू द्वारा आकस्मिक निरिक्षण किया गया। जिसमे स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित करते हुए सुरक्षित पारा, सुरक्षित लइका मन आधारित सर्वे, शौचालय. आंगनबाडी, स्कूल, आदि विभिन्न क्रि -याकालपों एवं पंजीयों के संधारण पर आवश्यक दिशा -निर्देश दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी अजय रावटे के अनुसार 16 बालिकाएं,11 बालक एवं 10 स्टॉफ व ग्रामीण शिविरार्थी के रूप में शामिल है तथा स्थानीय ग्रामीणों का सहयोग भरपूर मिल रहा है। शिविर दिनचर्या अनुसार सारे गतिविधियां नियमित संचालित किया जा रहा है तथा समस्त शिविरार्थी स्वस्थ है। बौद्धिक परिचर्चा के दौरान अधिकारी / कर्मचारियों का आगमन नियमित हो रहा है। उनके द्वारा ' नशा मुक्ति के लिए युवा ' थीम के आलावा जीवन शैली में बदलाव, अनुशासन की महत्ता, शिक्षण, खेल, विज्ञान, स्वास्थ्य, योगा, प्राणायाम, लक्ष्य आदि विभिन्न विषयों पर चर्चा कर विद्यार्थियों के मनोबल को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से शिविरार्थियों द्वारा अंध विश्वास, स्वछता, स्वास्थ्य जैसे मूलभूत जानकारीयां व जन - जागरूकता नृत्य, नुक्कड़, प्रहसन आदि करके किया जा रहा है।




